फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री उदयलाल पिता श्री गांगा जी डांगी निवासी जीपो का रहट, नेगडिया तहसील देलवाडा जिला राजसमन्द 313202 – अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाडा – प्रत्यर्थी

पत्रावली संख्या 40 / 2024

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाए जारी की गई
	दिनांक 29.05.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाडा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाडा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा से जरिये क्रमांक :–आर.टी.आई. / 2024 / 365 दिनांक 29.05.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री उदयलाल पिता गांगा डांगी निवासी तंगीयाखेड़ी ग्राम पंचायत बिलोता के आरटीआई प्रार्थना पत्र की बिन्दु संख्या (A,B,D,E) इस कार्यालय से संबंधित नहीं होने से सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत स्थानान्तरण कर सूचना हेतु विकास अधिकारी पंचायत समिति देलवाड़ा को प्रार्थना पत्र की प्रति इस कार्यालय के पत्र क्रमांक आर.टी. आई / 2024 / 253–54 दिनांक 08.04.2024 से अन्तरण किया गया। तथा आर.टी.आई प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या C,H की सूचना इस कार्यालय द्वारा तैयार कर एवं F,G में चाही गयी सूचना बाबत् इस कार्यालय के पत्र क्रमांक आर.टी.आई / 2024 / 267 दिनांक 29.04.2024 से निर्धारित राशि जमा कराने हेतु प्रार्थी को पत्र जारी किया गया, प्रार्थी द्वारा निर्धारित राशि जमा नहीं कराने से सूचना नहीं दी जा सकी। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड़ा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाडा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई बिन्दु संख्या A,B,D,E कि सूचना तहसील कार्यालय से संबंधित नहीं होने से सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत स्थानान्तरण कर सूचना हेतु विकास अधिकारी पंचायत समिति देलवाडा को अन्तरण	

किया गया। बिन्दु संख्या C,H की सूचना इस कार्यालय द्वारा तैयार कर एवं F,G में चाही गयी सूचना बाबत् तहसील कार्यालय के पत्र क्रमांक आर.टी.आई / 2024 / 267 दिनांक 29 04.24 से निर्धारित राशि जमा कराने हेतु प्रार्थी को पत्र जारी किया गया। उक्त बाबत अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि बिन्दु संख्या C,H एवं F,G में चाही गयी सूचना कार्यालय तहसीलदार देलवाडा में उपस्थित होकर नियमानुसार निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त करें। तथा बिन्दु संख्या A,B,D,E की सूचना हेतु विकास अधिकारी पंचायत समिति देलवाड़ा से वांछित सूचना प्राप्त करे। अतः उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देलवाड को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)